www.rajteachers.com

# कार्यालय उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा,अजमेर मण्डल–अजमेर

## कार्यशालाः प्रयास–2017

## विषय– विज्ञान

### –:: प्रश्न–बैंक ::–


| पाठ संख्या | पाठ का नाम | अंकभार | पेज संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | रासायनिक अभिक्रियाएँ एवं समीकरण | 5 | 2–5 |
| 2 | अम्ल,क्षारक एवं लवण | 5 | 6–11 |
| 3 | धातु एवं अधातु | 5 | 11–13 |
| 4 | कार्बन एवं उसके यौगिक | 5 | 14–16 |
| 5 | तत्वों का आवर्त वर्गीकरण | 4 | 17–22 |
| 6 | जैव प्रक्रम | 7 | 23 |
| 7 | नियन्त्रण एवं समन्वय | 5 | 24 |
| 8 | जीव जनन कैसे करते है | 4 | 25 |
| 9 | आनुवंशिकता एवंजैव विकास | 4 | 26 |
| 10 | प्रकाश–परावर्तन तथा अपवर्तन | 6 | 27 |
| 11 | मानव नैत्र तथा रंगबिरंगा संसार | 4 | 28 |
| 12 | विद्युत | 7 | 29–30 |
| 13 | विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव | 7 | 31 |
| 14 | ऊर्जा के स्त्रोत | 2 | 32 |
| 15 | हमारा पर्यावरण | 2 | 33 |




www.rajteachers.com

## अध्याय – 1 रासायनिक अभियिाएं एंव समीकरण

Q. 1 (i) रासायनिक अभिक्रिया किसे कहते हैं? इसका एक उदाहरण दीजिए।
(ii) रासायनिक अभिक्रिया के अभिलक्षण स्पष्ट कीजिए। (1+1+1 = 3)

Ans. (i) रासायनिक अभिक्रिया :– दो या दो से अधिक रसायन मिलकर यदि कोई नया रसायन बनाए तो उसे रासायनिक अभिक्रिया कहते है।

उदाहरण :– $N_2(g) + O_2(g) \rightarrow 2NO(g)$
(नाइट्रोजन) (ऑक्सीजन) (नाइट्रिक ऑक्साइड)

(ii) रासायनिक अभिक्रिया के अभिलक्षण :–
(1) गैस का निकलना
(2) अवक्षेप का बनना
(3) रंग मे परिवर्तन होना
(4) ताप मे परिवर्तन होना
(5) अवस्था मे परिवर्तन होना

Q. 2 (i) मैग्नीशियम फीते को वायु मे जलाने से पहले साफ कर लेना चाहिए,कारण बताओ।
(ii) दो गैसें A व B मिलकर एक द्रव बनाती है जिसका गलनांक 0˚ C है। गैस A व गैस B व द्रव की पहचान कीजिए। (1+1 = 2)

Ans. (i) Mg फीते को वायु मे जलाने से पहले रेगमाल से रगडा जाता है क्यो कि Mg फीते पर वायु की क्रिया द्वारा बेसिक मैग्नीशियम कार्बोनेट $[MgCO_3 + Mg(OH)_2]$ की परत बनती है जिसकी वजह से वह ऑक्सीजन से सही प्रकार क्रिया नहीं कर पाता है। अतः बेसिक मैग्नीशियम कार्बोनेट की इस परत को रेगमाल से रगड कर साफ किया जाता है।

(ii) $2H_2 + O_2 \rightarrow 2H_2O$
(गैस A) (गैस B) (द्रव)

गैस A = हाइड्रोजन
गैस B = ऑक्सीजन
द्रव = जल (गलनांक 0˚C)

Q. 3 (i) क्या तांबा हवा मे खुला रखने पर लम्बे समय के पश्चात हल्का हरा पड़ जाता हैं? यदि हाँ तो कारण बताओ।
(i) रासायनिक समीकरण को संतुलित क्यों करना चाहिए?
(iii) जल वैद्युत अपघटन का नांमाकित चित्र बनाओ। (1+1+1 = 3)

Ans. (i) हॉ, कॉपर कार्बोनेट बनने के कारण
(ii) द्रव्यमान संरक्षण के नियमानुसार द्रव्य न तो नष्ट हो सकता है न ही बनाया जा सकता है अर्थात सभी अभिकारको का कुल द्रव्यमान उत्पादों के कुल द्रव्यमान के बराबर होना चाहिए। इसी वजह से समीकरण के दोनो ओर विभिन्न परमाणुओ की संख्या को बराबर कर समीकरण संतुलित करना आवश्यक है।
(iii)पेज नम्बर–10 चित्र 1.6

Q. 4 (i) चूने का पानी रंगहीन होता है परन्तु दीवार पर सफेदी करने के बाद दीवार पर चमक कौनसे पदार्थ के बनने के कारण आती है?
(ii) शाक सब्जियों व मलमूत्र का विघटित होकर खाद बनना किस प्रकार की अभिक्रिया है? (1+1 =2 )

Ans. (i) केल्शियम कार्बोनेट बनने के कारण
$Ca(OH)_2 + CO_2 \rightarrow CaCO_3 \downarrow + H_2O$


www.rajteachers.com

चूने का पानी केल्शियम कार्बोनेट जल

(ii) उष्माक्षेपी अभिक्रिया।

.Q 5 (i) मैग्नीशियम को जलाने पर वॉच ग्लास में बनी राख का रासायनिक नाम बताइये।

(ii) निम्न समीकरणों में x,y ,व z को पहचानिए

(अ) $Cu + CO_2$ नमी हरा पदार्थ (X)

(ब) $Ag + Y$ हवा काला पदार्थ (Z)

Ans. (i) मैग्नीशियम ऑक्साइड [ MgO]

(ii) (a) $Cu + CO_2$ नमी $CuCO_3$ कॉपर कार्बोनेट

$X= CuCO_3$

(b) $2Ag + H_2S$ $Ag_2S$ काला पदार्थ

$Y=H_2S$

$Z=Ag_2S$

Q. 6 निम्न समीकरणों को संतुलित कीजिए व अभिक्रिया का प्रकार बताइये–

(i) $3BaCl_2 + Al_2(SO_4)_3$ $3BaSO_4 + 2AlCl_3$

(ii) $2Pb(NO_3)_{2(S)}$ तापन $2PbO_{(s)} + 4NO_{2(g)} + O_{2(g)}$

(iii) $2FeSO_{4(S)}$ ऊष्मा $Fe_2O_{3(S)} + SO_{2(g)} + SO_{3(g)}$

Ans. (i) $3BaCl_2 + Al_2(SO_4)_3$ $3BaSO_4 + 2AlCl_3$

द्विविस्थापन अभिक्रिया

(ii) $2Pb(NO_3)_{2(S)}$ तापन $2PbO_{(s)} + 4NO_{2(g)} + O_{2(g)}$

तापीय वियोजन

(iii) $2FeSO_{4(S)}$ ऊष्मा $Fe_2O_{3(S)} + SO_{2(g)} + SO_{3(g)}$

ऊष्मीय वियोजन

Q. 7 (i) श्वसन को ऊष्माक्षेपी व प्रकाश संश्लषेण को ऊष्माशोषी अभिक्रिया माना जाता हैं, क्यों ?

(ii) नमकीन, कुरकरे, चिप्स आदि को पैकिटों में पैक करते समय इसमें नाइट्रोजन गैस क्यों डाली जाती है ?

Ans. (i) श्वसन के दौरान ग्लूकोज, आक्सीजन से संयोग कर कार्बनडाइऑक्साइड व जल बनाता है। इस प्रक्रिया में ऊर्जा उत्पत्र होती है अतः श्वसन एक ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया है, जबकि प्रकाश संश्लेषण में हरे पेड़ पौधे सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा अवशोषित कर भोजन निर्माण करते है। अतःप्रकाश संश्लेषण एक ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया है।

(ii) नमकीन, कुरकरे, चिप्स आदि तैलीय खाने की चीजें होती है जो कि हवा में अधिक समय तक पड़ी रहने पर इनके आक्सीकरण से स्वाद व खूशबू में परिवर्तन आ जाता है इससे बचने के लिए पैक करते समय नाइट्रोजन गैस डाली जाती है।

Q. 8 (i) श्याम श्वेत (ब्लेक एण्ड वाईट) फोटोग्राफी में कौनसी अभिक्रिया का उपयोग होता है ?

(ii) जब लोहे की कील को कॉपर सल्फेट के विलयन में डुबाते है तो विलयन का रंग क्यों बदल जाता है ?



www.rajteachers.com

Ans. (i) सूर्य के प्रकाश में सिल्वर ब्रोमाइड का वियोजन हो जाता है अतः श्याम श्वेत फोटोग्राफी में प्रकाशीय वियोजन अभिक्रिया का उपयोग होता है।

$2AgBr$ सूर्य का प्रकाश $2Ag + Br_2$

सिल्वर ब्रोमाइड — सिल्वर ब्रोमीन

(ii) इसमें विस्थापन अभिक्रिया होती है जिसमें आयरन, कॉपर सल्फेट से कॉपर को विस्थापित कर देता है।

| $Fe$ | + | $CuSO_4$ | $FeSO_4$ | + | $Cu$ |
|---|---|---|---|---|---|
| आयरन | | कॉपर सल्फेट | फैरस सल्फेट | | कॉपर |
| (रंग हरा) | | (गहरा नीला) | (हल्का भूरा रंग) | | (हल्का नीला) |

Q. 9 (i) संक्षारण क्या है, इससे बचने के दो उपाय बताइयें ?

(ii) रेडाक्स अभिक्रिया को एक उदाहरण सहित समझाइये ?

Ans. (i) जब कोई धातु अपने आस–पास अम्ल, आर्द्रता, नमी के सम्पर्क में आती है तो उस पर जंग लग जाता है, इस किया को संक्षारण (जंग) कहते है।

संक्षारण के बचाव के दो उपाय :–

(अ) धातु पर ऑयल पेन्ट करना।

(ब) धातु पर यशद लेपन करना।

(ii) रेडॉक्स अभिक्रिया :– इस अभिक्रिया में एक अभिकारक का आक्सीकरण (उपचयन) तथा दूसरे अभिकारक का अपचयन होता है।

उदाहरण :– ऑक्सीकरण

$ZnO + C$ — $Zn + CO$

जिंक आक्साइड कार्बन — अपचयन जिंक कार्बन मोनोआक्साइड

Q. 10 समीकरण संतुलित करने की हिट एण्ड ट्रायल विधि क्या है ?

Ans. इस विधि में सबसे छोटी पूर्णांक संख्या के गुणांक का उपयोग करके समीकरण को संतुलित करने का प्रयत्न करते है।

(i) $3BaCl_2 + Al_2(SO_4)_3$ — $3BaSO_4 + 2AlCl_3$

Q. 11 संयोजन व वियोजन अभिक्रिया में एक अन्तर उदाहरण सहित दीजिए। (1+1 = 2

Ans. **संयोजन अभिक्रिया :–** इस अभिक्रिया में दो या अधिक क्रियाकारक जुड़कर एक उत्पाद बनता है।

उदाहरण :– $N_2 + O_2 \rightarrow 2NO$

(नाइट्रोजन) (ऑक्सीजन) (नाइट्रोजन आक्साइड)

**वियोजन अभिक्रिया :–** इस अभिक्रिया में एक क्रियाकारक टूटकर दो या अधिक उत्पाद बनता है।

उदाहरण :– $2NO \rightarrow N_2 + O_2$

(नाइट्रोजन आक्साइड) (नाइट्रोजन ऑक्साइड) (ऑक्सीजन)

Q. 12 ऊष्माक्षेपी व ऊष्माशोषी अभिक्रिया में एक अन्तर उदाहरण सहित दीजिए ? (1+1 = 2)

Ans. **ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया :–** इस अभिक्रिया में दो उत्पाद बनने के साथ ऊष्मा का उत्सर्जन होता है।

उदाहरण :– $CH_4 + 2O_2 \rightarrow CO_2 + 2H_2O +$ ऊर्जा

(मैथेन) (ऑक्सीजन) (कार्बनडाइ आक्साइड) जल

**ऊष्माशोषी अभिक्रिया :–** इस अभिक्रिया में ऊष्मा का शोषण होता है।

उदाहरण :– $CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$



www.rajteachers.com

(कैल्शियम कार्बोनेट) (कैल्शियम आक्साइड) (कार्बन डाइआक्साइड)

Q. 13 विस्थापन व द्विविस्थापन अभिक्रिया में एक अन्तर उदाहरण सहित दीजिए ? (1+1 = 2)

Ans. **विस्थापन अभिक्रिया :–** इस अभिक्रिया में एक तत्व दूसरे तत्व को उसके विलयन में से विस्थापित कर देता है

उदाहरण :– $Fe (s) + CuSo_4 \rightarrow FeSo_{4(aq)} + Cu (s)$

आयरन (लालरंग) + कॉपर सल्फेट (गहरा नीला रंग) → आयरन सल्फेट (भूरा रंग) + कॉपर (हल्का)

**द्विविस्थापन अभिक्रिया :–** इस अभिक्रिया में दो यौगिकों के बीच में आयनों का आदान–प्रदान होता है।

उदाहरण :– $Na_2So_4 + BaCl_{2(ag)} \rightarrow BaSo_{4\,)} + 2NaCl$

सोडियम सल्फेट + बेरियम क्लोराइड़ → बेरियम सल्फेट + सोडियम क्लोराइड

Q. 14 रेडॉक्स अभिक्रिया को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ?

Ans. इस अभिक्रिया में एक अभिकारक का आक्सीकरण तथा दूसरे अभिकारक का अपचयन होता है।

आक्सीकरण

उदाहरण :– $Zno + C \rightarrow Zn + CO$

अपचयन

Q. 15 अवक्षेपण अभिक्रिया क्या है ?

Ans. वह अभिक्रिया जिसमें अवक्षेप बनता है उसे अवक्षेपण अभिक्रिया कहते है।

उदाहरण :– $Pb (No_3)_{2(aq)} + 2KI \rightarrow PbI_2 + 2KNO_3$

लेड आयोडाइड पोटेशियम नाइट्रेट

Q. 16 संक्षारण क्या है ? एक उदाहरण व बचाव के दो उपाय लिखिए।

Ans. जब कोई धातु अपने आस–पास अम्ल, आर्द्रता,/नमी के सम्पर्क में आती है तो उस पर जंग लग जाता है, इस क्रिया को संक्षारण (जंग) कहते है।

उदाहरणः– लोहे के ऊपर भूरी परत चढ़ना

बचाव :– (1) धातु पर ऑयल पेन्ट करना।

(2) धातु पर यशद लेपन करना।

Q. 17 विकृतगंधिता से क्या आशय है? इससे बचाव का एक उपाय बताइये।

Ans. तेल व वसा युक्त खाद्य सामग्री वायुमण्डल की ऑक्सीजन से क्रिया करके उपचयित हो जाती है, जिससे खाद्य सामग्री विकृतगंधीत हो जाती है और उसका खाद्य व गंध बदल जाती है इसे ही विकृतगंधिता कहते है।

बचाव व उपाय :– विकृतगंधिता को कम करने के लिए खाद्य सामग्रियों में उपचयन रोकने वाले पदार्थ (प्रतिऑक्सीकारक) मिलाते है।



www.rajteachers.com

# अध्याय–2 अम्ल, क्षारक एंव लवण

**प्रश्नः–1 अति लघुरात्मक प्रश्न**

1. अम्ल किसे कहते हैं?
   उत्तर–अम्ल स्वाद मे खटटे होते है तथा नीले लिटमस पत्र को लाल करते है। साथ जो पदार्थ जलीय विलयन में आयन का निर्माण करते है।
2. अम्ल क्षारक सूचक क्या हैं?
   उत्तर– अम्ल क्षारक सूचक रंजको के मिश्रण होते है। जिन्हे अम्ल एवं सारक की उपस्थिति को सूचित करने के लिए उपयोग में लिया जाता है।
3. जब क्षारक किसी धातु से अभिक्रिया करता है तो एक ज्वलनशील गैस का उत्सर्जन एवं लवण कर निर्माण होता है। समीकरण लिखिए–
   उत्तर– $Zn + 2NaOH \quad Na_2ZnO_2 + H_2$

   A B C

   A- Zn

   B- NaOH

   C- $H_2$
4. लिटमस विलयन बैंगनी रंग का रंजक होता है जो थैलाफाईटा समूह के कौनसे पौधे से निकाला जाता है?
   उत्तर– लिचेन
5. अम्ल, क्षारक तथा लवण के जलीय विलयन विद्युत का चालन क्यों करता है? कारण बताइए।
   उत्तर– क्यों कि इनके विलयन में युक्त आयन होते है।
6. क्षार किसे कहते है? यह किस प्रकृति का होता है।
   उत्तर– जल में घुलनशील क्षारकों को क्षार कहते हैं। ये संक्षारक प्रकृति के होते है।
7. तनुकरण को परिभाषित कीजिए।
   उत्तर– अम्लीय या क्षारीय विलपन में जल मिलाने पर आयनों की सान्द्रता प्रति ईकाई आयतन में कम हो जाती है। इस प्रक्रिया को तनुकरण कहते है।
8. उदासीन विलयन का pH मान कितना होता है?
   उत्तर– 7
9. अम्लीय विलयन का pH मान कितना होता है?
   उत्तर– 7 से कम
10. क्षार विलयन का pH मान कितना होता है?
    उत्तर– 7 से अधिक
11. अम्ल के प्रकार लिखिए, नाम लिखिए
    उत्तर– अम्ल दो प्रकार के होते है–
    - प्रबल अम्ल
    - दुर्बल अम्ल
12. अम्लीय वर्षा किये कहते है?
    उत्तर– वर्षा का जल का pH मान जब 5.6 से कम हो जाता है तो उसे अम्लीय वर्षा कहते है।



www.rajteachers.com

13.विरजंक चूर्ण के दो उपयोग लिखिए

- विरंजक के रुप में
- पीने के जल को रोगाणुमुक्त करने के लिए प्रयुक्त

14.धोने के सोडे का सुत्र लिखिए?

उत्तर– $Na_2CO_3.10H_2O$

15. बैकिग सोडे का सूत्र लिखिए

उत्तर– $Na_2HCO_3$

---

प्रश्न–16 प्लास्टर ऑफ पेरिस का सूत्र लिखिए।

Ans. $CaSO_4 . \frac{1}{2} H_2O$

प्रश्न–17 उष्माक्षेपी एंव उष्माशोषी अभिक्रिया मे एक अन्तर लिखिए।

Ans. उष्माक्षेपी अभिक्रिया मे उष्मा का उत्सर्जन होता है जबकि उष्माशोषी अभिक्रिया मे उष्मा का उपयोग किया जाता है अर्थात उष्मा का अवशोषण होता हैं।

प्रश्न 18–क्रिस्टलन जल को परिभाषित किजिए।

Ans. लवण के एक सूत्र इकाई मे जल निश्चित अणुओं की सख्या को क्रिस्टलन का जल कहते है।

Q. 19 प्लास्टर ऑफ पेरिस का एक उपयोग बताइये।

Ans. खिलौने, सजावट का सामान आदि बनाने का कार्य।

Q. 20 $CaOCl_2$ यौगिक का प्रचलित नाम क्या है।

Ans. $CaOCl_2$ का प्रचलित नाम विरंजक चूर्ण (ब्लीचिंग पाउडर)

Q. 21 हाइड्रोजन आयन की सान्द्रता मापने की विधि किस वैज्ञानिक द्वारा दी गई थी?

Ans. सोरेन्सन

Q. 22 टमाटर के रस का pH मान कितना होता है?

Ans. -pH मान 4.0 - 4.4 होता है।

Q. 23 मनुष्य के मूत्र का pH मान बताइए।

Ans. pH मान = 5.5 – 7.5

Q. 24 जठर रस की pH कितनी होती है।

Ans. जठर रस की pH लगभग 1.2 होती है।

Q. 25 सार्वत्रिक या सार्वभौम सूचक क्या हैं?

Ans. ये अनेक सूचकों का मिश्रण होते है ये किसी विलयन मे $H^+$ आयन की विभिन्न सान्द्रता की विभिन्न रंगो मे प्रदर्शित करते हैं।

Q. 26 मुंह मे pH का मान 5.5 से कम होने पर दॉतो का क्षय प्रारम्भ क्यों हो जाता है?

Ans. क्योकि मुँह मे भोजन के कण तथा शर्करा शेष रह जाते है, जिसके मुँह मे जीवाणु उत्पन हो जाते है परिणामस्वरुप दॉतो का क्षय प्रारम्भ हो जाता है।

Q. 27 pH स्केल मे P किस बात का सूचक है?

Ans. pH स्केल मे P पुसांस (Potenz) का सूचक होता है, जिसका अर्थ शक्ति होता है।

Q. 28 किन्ही दो संश्लेषित अम्ल –क्षारक सूचकों के नाम लिखिये।



www.rajteachers.com

1. मेथिल ऑरेंज  2. फीनॉल्फथेलिन

Q. 29 संतरे मे कौनसा अम्ल उपस्थित होता है?

Ans. सिट्रिक अम्ल

Q. 30 विरंजक चुर्ण का रासायनिक सूत्र लिखिए।

Ans. $CaOCl_2$

Q. 31 ताजे दूध का pH मान 6 होता हैं,इसके दही बन जाने पर इसका pH मान घटेगा या बढेगा,क्यों?

Ans. दूध से दही बन जाने पर pH मान घटेगा क्योंकि दही लैक्टिक अम्ल की उपस्थिति के कारण खटट्। होता है।

Q. 32 सोडियम वर्ग के चार लवण बताइये।

Ans. (सोडियम सल्फेट , सोडियम क्लोराइड, सोडियम नाइट्रेड, सोडियम कार्बोनेट।)

$Na_2SO_4$    Nacl    $NaNO_3$    $Na_2CO_3$

प्रश्न 33 किन्ही दो प्राकृतिक तथा दो संश्लेषित सूचकों के नाम बताओ ।

उत्तर :– प्राकृतिक सूचक – हल्दी व लिटमस

संश्लेषित सूचक – मेथिल ऑन्रेज व फीनोल्फथेलीन

प्रश्न 34 अम्ल –क्षारक सूचक क्या है?

उत्तर :– अम्ल–क्षारक सूचक रंजको के मिश्रण होते है जिन्हें अम्ल एवं क्षारक की उपस्थिति को सूचित करने के लिये उपयोग में लिया जाता है।

प्रश्न 35 गंधीय सूचक की परिभाषा व दो उदाहरण लिखिये।

उत्तर :–ऐसे पदार्थ जिनकी गंध अम्लीय व क्षारीय माध्यम में बदल जाती है। प्याज व लौंग का तेल

प्रश्न 36 एक क्षारक A धातु Zn से क्रिया कर एक लवण B व एक ज्वलनशील गैस C का निर्माण करता है।

1. A,B,C के नाम लिखिये।
2. उपर्युक्त अभिक्रिया की रासायनिक समीकरण लिखिये।

**अथवा**

एक क्षारक A धातु B के साथ क्रिया कर एक लवण $Na_2ZnO_2$ तथा एक ज्वलनशील गैस C का निर्माण करता है।

1. A,B,C के नाम लिखिये।
2. उपर्युक्त अभिक्रिया की रासायनिक समीकरण लिखिये

A-NaOH

B-Zn

C-$H_2$

$2NaOH + Zn \rightarrow Na_2ZnO_2 + H_2$

प्रश्न 37. लिटमस विलयन थैलोफाइटा समूह के कौनसे पौधे से प्राप्त किया जाता है।

उत्तर :– लाइकेन

प्रश्न 38. चूने के पानी की $CO_2$ के साथ अभिक्रिया लिखिये

$$Ca(OH)_2 + CO_2 \rightarrow CaCO_3 + H_2O$$



www.rajteachers.com

प्रश्न 39. चूने के पानी के आधिक्य में $CO_2$ मिलाने पर किस यौगिक के बनने के कारण चूने के पानी का दूधिया रंग गायब हो जाता है?

उत्तर :– कैल्शियम बाई कार्बोनेट $Ca(HCO_3)_2$

प्रश्न 40. शुष्क HCl शुष्क लिटमस पत्र का रंग नही बदलती हैं, कारण बताइयें।

उत्तर :– लिटमस पत्र परीक्षण तभी संभव है जब लिटमस पत्र या अम्ल/क्षार में से कोई एक गीला हो क्योंकि इस समय दोनों के बीच क्रिया होने के लिये माध्यम मिल जाता है। यदि दोनों शुष्क हो तो दोनो के बीच क्रिया होने के लिये माध्यम नहीं मिलता हैं।

प्रश्न 41. अम्ल, क्षारक तथा लवण के जलीय विलयन विद्युत का चालन क्यों करते है?

उत्तर :– क्योंकि इनके जलीय विलयन में मुक्त आयन उपस्थित होते है।

प्रश्न 42. (1). पीतल तथा ताबें के बर्तनो में खट्टे पदार्थ क्यों नहीं रखते हैं?

उत्तर :– क्योंकि खट्टे पदार्थ इन बर्तनों से क्रिया कर लवण बनाते हैं जो कि जहरीले होते हैं तथा स्वास्थ्य के लिये हानिकारक होते हैं।

(2) धातु के साथ अम्ल की क्रिया होने पर कौनसी गैस निकलती है? तथा इसकी जाँच कैसे करेगे?

उत्तर :– अम्ल के साथ धातु की क्रिया होने पर $H_2$ गैस निकलती है, जिसकी जाँच करनें के लिए उसके पास माचिस की जलती हुई तीली ले जाने पर वह फट्–फट् की ध्वनि के साथ जलती हैं।

प्रश्न 43 तनुकरण को परिभाषित कीजिए।

उत्तर :– अम्लीय या क्षारीय विलयन में जल मिलाने पर $(H_3O^+/OH^-)$ आयनों की सान्द्रता प्रति इकाई आयतन में कम हो जाती हैं। इसे तनुकरण कहते हैं।

प्रश्न 44 उदासीनीकरण अभिक्रिया किसे कहते हैं? एक उदाहरण दीजिये।

उत्तर :– अम्ल तथा क्षार के बीच होने वाली अभिक्रिया को उदासीनीकरण अभिक्रिया कहते है। यह उष्माक्षेपी अभिक्रिया है। तथा इसमें लवण व जल का निर्माण होता है।

$$HCl+NaOH \rightarrow NaCl+ H_2O+\text{उष्मा}$$

प्रश्न 45 अति अम्लता से पीड़ित होने पर antiacid का उपयोग क्यों करते हैं?

उत्तर :– क्योंकि antiacid क्षारीय प्रकृति का होता है व पेट में अधिक मात्रा में बनने वाले HCl से क्रिया कर उसे उदासीन कर देता है।

प्रश्न 46 pH स्केल क्या हैं?

उत्तर :– किसी भी विलयन में $H^+/OH^-$ आयनों की सांद्रता मापने के लिये जिस स्केल का उपयोग किया जाता है। उसे pH स्केल कहते है।

यहॉ p पुंसास है जिसका अर्थ है शक्ति

अम्ल =O>7 pH क्षार = 7>14 pH उदासीन =7pH

प्रश्न 47. एक यौगिक x का मान बताइये जो $Cl_2$ से किया कर एक यौगिक Y का निर्माण करता है जिसका उपयोग विरंजन में किया जाता है।

(1) x तथा Y का नाम लिखिए।

(2) उपर्युक्त अभिक्रिया के लिये समीकरण लिखिये।

उत्तर –X का नाम $Ca(OH)_2$, Y का नाम $CaOCl_2$

$$Ca(OH)_2+Cl_2 \rightarrow CaOCl_2+H_2O$$

प्रश्न 48. विरंजक चूर्ण के दो उपयोग लिखिये।

(1) जल को जीवाणुओं से मुक्त करने के लिये।

(2) रासायनिक उद्योगों में उपचायक के रुप में।



www.rajteachers.com

प्रश्न 49. अम्ल वर्षा किसे कहते है? इसके होने के क्या कारण हैं।

उत्तर :– जब वर्षा के जल का pH 5.6 से कम हो तो उसे अम्ल वर्षा कहते हैं।बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण $SO_2$,NO,$CO_2$ की मात्रा हवा में बढ रही हैं,जो बरसात के पानी के साथ नीचे अम्ल वर्षा के रुप में आती है।

प्रश्न 50. मधुमक्खियों के डंक मारे हुये स्थान पर खाने का सोडा लगाने से आराम क्यों मिलता है?

उत्तर :– मधुमक्खियों के डंक मारने पर फार्मिक अम्ल(HCOOH) का स्त्राव होता है, इस अम्ल से जलन महसूस होती है। जब इस पर खाने का सोडा लगाया जाता है तो सोडे के प्रकृति क्षारीय होने से यह अम्ल के प्रभाव को उदासीन कर देती है।

प्रश्न 51. कोई किसान खेत की मृदा की किस परिस्थिति में बिना बुझा हुआ चूना, बुझा हुआ चूना तथा चॉक का उपयोग करेगा।

उत्तर– अम्लीय मृदा के उपचार के लिये।

प्रश्न 52. प्लास्टर ऑफ पेरिस का रासायनिक सूत्र व दो उपयोग लिखिये।

उत्तर - $CaSO_4.½H_2O$

उपयोग 1 टूटी हुई हडिड्यों को सही जगह पर स्थिर रखने के लिये।

2. खिलौने व सजावटी सामान बनाने में।

प्रश्न 53. जिप्सम को 373K पर गर्म करने पर क्या होगा।

उत्तर :– जिप्सम को 373K पर गर्म करने पर 1½ अणु जल का त्याग कर प्लास्टर ऑफ पेरिस का निर्माण करता है।

$$CaSO_4.2H_2O \xrightarrow[\text{गर्म}]{373K} CaSO_4.½\ H_2O+1½\ H_20$$

प्रश्न 54. एक ग्वाला ताजे दूध में थोडा बैंकिग सोडा क्यों मिलाता हैं?

उत्तर :– बैंकिग सोडा क्षारीय प्रकृति का होता हैं,जब इसे ताजे दूध में डालते है तो वह क्षारीय हो जाता है तथा दूध को फटने से बचाता है। जिससे इसका लम्बे समय तक उपयोग हो सकता है।

प्रश्न 55. मुँह के pH का मान 5.5 से कम होने का क्या कारण हैं तथा इसका क्या प्रभाव पडता है।

उत्तर :– मुँह में उपस्थित बैक्टीरिया, भोजन के पश्चात् मुँह में अवशिष्ट शर्करा एवं खाद्य पदार्थों का निम्नीकरण करके अम्ल उत्पन्न करते है। pH Value 5.5 से कम होने पर दोनो का क्षय प्रारम्भ हो जाता है।

प्रश्न 56. आपके पास दो विलयन A व B है। A के pH का मान 5 तथा B के pH का मान 9 है, किस विलयन में $H^+$ आयन कि सांद्रता अधिक है? इसमें से कौन अम्लीय है व कौन क्षारीय

उत्तर :– कम pH मान मान वाले विलयन में $H^+$ion सांद्रता अधिक होती है अतः विलयन A के pH 5 है अधिक अम्लीय होगा तथा B के विलयन जिसकी pH 9 है क्षारीय होगा क्योंकि pH 7>14 वाले विलयन क्षारीय होते हैं।

प्रश्न 57 क्या क्षारकीय विलयन में $H^+$ आयन होते है? अगर हाँ तो यह क्षारकीय क्यों होते हैं?

उत्तर :– हाँ क्षारकीय विलयन में भी $H^+$ आयन होते है परन्तु क्षारकीय विलयन में $OH^-$ आयन की सांद्रता अधिक होने के कारण ये क्षारीय होते है।

प्रश्न 58. $H^+$ आयन की साद्रता का विलयन की प्रकृति पर क्या प्रभाव पडता है?

उत्तर :– $H^+$ आयन की साद्रता जितनी अधिक होगी, उतना ही वह विलयन प्रबल अम्लीय होगा तथा उसकी pH कम मान की होगी।

प्रश्न 59. जल की स्थायी कठोरता को दूर करने के लिये किस यौगिक का उपयोग किया जाता है? यौगिक का सूत्र लिखिए।

उत्तर $NaHCO_3.10H_2O$



www.rajteachers.com

प्रश्न 60. पावरोटी या केक को मुलायम/खमीर बनाने के लिये किस यौगिक का उपयोग किया जाता है।
उत्तर $NaHCO_3$

प्रश्न 61. HCl, $HNO_3$ आदि का जलीय विलयन मे अम्लीय अभिलक्षण क्यों प्रदर्शित करते हैं जबकि ऐल्कोहल एवं ग्लूकोज जैसे यौगिकों के विलयनो में अम्लीयता के अभिलक्षण प्रदर्शित नहीं होते हैं।

प्रश्न 62. किसी अम्ल को तनु कैसे किया जाता है? कारण सहित बताइये।

प्रश्न 63. कोई धातु यौगिक अम्ल से किया कर एक गैस बनाता है जो कि जलती हुई मोमबत्ती को बुझा देती है तथा इसे चूने के पानी में डालें तो यह गैस चूने के पानी को दूधिया कर देती है। गैस की पहचान कीजिये।
उत्तर :– धातु, कार्बोनेट अम्ल से किया करके $CO_2$ गैस बनाती है।

प्रश्न 64. निम्न यौगिको के दो–दो उपयोग लिखियें।
(1) धोने का सोडा (2) बेकिंग सोडा

## अध्याय –3 धातु एवं अधातु (Metals and Non Metals)

Q.1. (a) कार्बन के एक अपररूप का नाम लिखिए।
उत्तर – हीरा।
(b) ऐनोडीकरण किसे कहते हैं ? इसका एक उपयोग बताइए।
(c) इलेक्ट्रॉन के स्थानान्तरण के द्वारा NaCl का निर्माण दर्शाइए । 1+1+1+2 =

Q.2. (a) अमलगम किसे कहते है ?
उत्तर – मिश्रधातु में यदि कोई एक धातु पारा हो तो उस मिश्रधातु को अमलगम कहते हैं।
(b) थर्मिट अभिक्रिया किसे कहते हैं ? इसका एक उपयोग बताइए।
(c) जंग किसे कहते है ? लोहे पर जंग लगने की दो आवश्यक परिस्थितियाँ बताइए।
1+2+2=5/1+1+1+1+1=5

Q.3. (a) यशदलेपन किसे कहते हैं ? इसका एक उपयोग बताइए।
(b) धातुओं के निष्कर्षण में अत्यधिक अभिक्रियाशील धातुओं का उपयोग अपचायक के रूप में किया जाता है, क्यों ? 2+3 = 5

Q.4. (a) दो धातुओं के नाम बताइए जो प्रकृति में मुक्त अवस्था में पाई जाती है ?
उत्तर – Au, Pt
(b)उष्मा की कुचालक दो धातुओं के नाम बताइए।
उत्तर – Pb, Hg
(c)निम्न पदों को परिभाषित कीजिए –
(1) खनिज (2) अयस्क (3) गैंग 1+1+3 = 5

Q.5. (a) रासायनिक यौगिक गलित अवस्था में विद्युत के सुचालक होते है जबकि ठोस अवस्था में कुचालक होते हैं,क्यों ? कारण बताइए।
(b) निस्तापन व भर्जन में दो अन्तर बताइए तथा प्रत्येक का एक–एक उदाहरण दीजिए। 2+3 = 5

Q.6. (a) ऐसी दो धातुओं के उदाहरण दीजिए जो –
(1) चाकू से आसानी से काटी जा सकती है – Na, K
(2) उष्मा की सबसे अच्छी चालक होती है – Ag
(b) आयनिक यौगिक किसे कहते है ? इलेक्ट्रॉन के स्थानान्तरण के द्वारा $MgCl_2$ का निर्माण दर्शाइए।
2+3 = 5

प्रश्न 7–(a) 1- दो धातुओं के नाम बताइए जो जल के साथ अभिक्रिया नहीं करती हैं?


www.rajteachers.com

2–निम्न धातुओं को अम्ल के साथ अभिक्रियाशीलता के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए–Al,Mg,Fe,Zn

(b)–ताँबे का विद्युत अपघटनी परिष्करण का नामांकित चित्र बनाकर इसकी प्रक्रिया समझाइए।

प्रश्न 8–(a)-एक्वारेजिया किसे कहते हैं? इसका एक उपयोग लिखिए।

(b) 1.मिश्रधातु किसे कहते हैं?

2.पीतल तथा काँसा मिश्रधातु किन धातुओं को मिलाकर बनाई जाती हैं?

प्रश्न 9–(a)–उभयधर्मी ऑक्साइड किसे कहते हैं?दो उदाहरण दीजिए।

(b)–आयनिक यौगिकों के निम्न गुणधर्म समझाइए–

1. भौतिक प्रकृति 2. गलनांक एवं क्वथनांक 3. घुलनशीलता

प्रश्न 10–(a)–निम्न अभिक्रियाओं के लिए समीकरण लिखिए–

1.भाप के साथ आयरन

2.जल के साथ कैल्शियम एवं पोटेशियम

(b)–1.सक्रियता श्रेणी किसे कहते हैं?

2.एक चमकीली अधातु का नाम बताइए।

प्रश्न 11–(a)–मध्यम क्रियाशील धातुओं के धातु निष्कर्षण प्रक्रम का आरेख बनाइए।

(b) 1.मिश्रधातु की दो विशेषताएँ बताइए।

2.सोल्डर वायर किन धातुओं से मिलकर बनता हैं?इसका एक उपयोग लिखो।

प्रश्न 12–(a)–मर्करी (पारद) के अयस्क का नाम लिखिए एवं इसके निष्कर्षण का प्रक्रिया लिखिए।

(b)–शुद्ध सोने एवं आभूषण में प्रयुक्त सोने की शुद्धता का मान बताइए।

प्रश्न 13–चाँदी के वायु की उपस्थिति में काला पड़ने का क्या कारण हैं?

प्रश्न 14–धात्विक चमक किसे कहते हैं?

प्रश्न 15–धातु को पिटने पर वह पतली चादर में बदल जाता हैं,धातु के इस गुण का नाम लिखिए।

प्रश्न 16–सबसें अधिक आघातवर्धनीय धातु का नाम बताओ?

प्रश्न 17–शुद्ध सोने का प्रयोग आभूषण बनाने में नहीं किया जाता है।

प्रश्न 18–1 gm सोने से कितना लम्बा तार बनाया जा सकता है?



www.rajteachers.com

प्रश्न 19–एक धातु A द्वारा B धातु के लवण से क्रिया कराने पर कोई अभिक्रिया नहीं होती है, क्यों?

प्रश्न 20–ऐसी दो धातुओं के नाम लिखो जो उष्मा की सबसे अच्छी चालक हैं?

प्रश्न 21–PVC का पूरा नाम लिखिए।

प्रश्न 22–ऐसी अधातु का उदाहरण दीजिए जो उष्मा की सुचालक हो।

प्रश्न 23–सोनोरस' से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न 24–विद्यालय घंटी धातु की ही क्यों बनाई जाती है?

प्रश्न 25–ऐसी दो धातुओं के नाम लिखो जो हथेली पर रखने पर पिघल जाती हैं?

प्रश्न 26–कार्बन के एक अपररुप का नाम लिखिए।

प्रश्न 27–धातु एवं अधातु कैसे अभिक्रिया करते हैं?एक उदाहरण द्वारा समझाइए।

प्रश्न 28–लवण के विलयन की चालकता की जाँच करने का नामांकित चित्र बनाओ।

प्रश्न 29–सोडियम को खुले में रखने पर क्या होगा?

प्रश्न 30–ऐसी दो धातुओं के नाम लिखो जो ठंडे या गरम जल के साथ क्रिया नहीं करती परन्तु भाप के साथ क्रिया करती हैं।

प्रश्न 31–जब धातुएँ नाइट्रिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करती है तब हाइड्रोजन गैस उत्सर्जित नहीं होती हैं,क्यों?

प्रश्न 32–गोल्ड एवं प्लेटिनम को गलाने में किस रसायन का प्रयोग करते हैं?

प्रश्न 33–'एनोड पंक'से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न 34–ऑर्गन एवं क्लोरिन का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास लिखिए।

प्रश्न 35–प्रकृति में संयुक्त अवस्था में पाई जाने वाली दो धातुओं के नाम लिखिए।

प्रश्न 36–कॉपर को वायु में खुला रखने पर इस पर हरे रंग की परत किस पदार्थ के बनने के कारण चढ़ जाता है?

प्रश्न 37–सोडियम धातु के विद्युत अपघटन में कैथोड एवं ऐनोड पर होने वाली अभिक्रिया बताओं।

प्रश्न 38–इस्पात (स्टील) किन धातुओं से मिलकर बनती है।



www.rajteachers.com

## अध्याय – 4 कार्बन एवं उनके यौगिक

प्रश्न 1. (अ) समजात श्रेणी के तीन गुण लिखिये। 1

(ब) निम्नलिखित में से ऐल्केन तथा ऐल्कीन की पहिचान कीजिए 2

(1) $C_2H_6$ (2) $C_3H_4$ (3) $C_3H_6$ (4) $C_3H_8$

(स) ऐथीन की इलेक्ट्रॉन बिन्दु संरचना बनाइए। 2

प्रश्न 2. (अ) प्रकार्यात्मक समूह किसे कहते हैं ? 1

(ब) एल्कोहॉल प्रकार्यात्मक समूह युक्त किसी एक यौगिक का नाम लिखिए एवं उसकी संरचना बनाईये। 2

(स) साबुन की तुलना में अपमार्जक क्यों श्रेष्ठ है ? 2

प्रश्न 3. (अ) CNG के प्रमुख घटक का नाम लिखिए एवं इसकी ईलेक्ट्रॉन बिन्दु संरचना बनाईये। 1+1

(ब) निम्नतिखित में से संतृप्त तथा असंतृप्त कार्बनिक यौगिकों की पहचान कीजिए 2

(1) मेथेन (2) प्रोपीन (3) साइक्लोहेक्सेन (4) बेन्जीन

(स) सहसंयोजी आबंध किसे कहते हैं, परिभाषा लिखो ? 1

प्रश्न 4. (अ) निम्नलिखित यौगिकों के IUPAC नाम लिखो। 2

(1) HCHO (2) $CH_3CH_2OH$ (3) $CH_3COCH_3$ (4) $CH_3COOH$

(ब) ऐथेन की इलेक्ट्रॉन बिन्दु संरचना बनाइए। 2

(स) ऐल्कीनों का सामान्य सूत्र लिखिए। 1

प्रश्न 5. (अ) सिरका क्या है ? 1

(ब) एस्टरीकरण अभिक्रिया को समीकरण सहित समझाइए। 2

(स) क्या होता है जब ऐथेनॉल की अभिक्रिया सोडियम धातु के साथ कराई जाती है ? अभिक्रिया की समीकरण भी लिखिये ? 2

प्रश्न 6. (अ) कार्बन के दो विशिष्ट लक्षण लिखिये जिनके कारण वह बड़ी संख्या में यौगिक बनाता है।2

(ब) कार्बनिक यौगिकों में आबन्ध की प्रकृति लिखिये। 2

(स) ऐथीन के दो क्रमागत सदस्यों के अणु सूत्र लिखिये ? 1

प्रश्न 7. (अ) संरचनात्मक समावयवता किसे कहते हैं ? 1

(ब) ब्यूटेन के कितनें समावयवी यौगिक बनते है ? इनके संरचना सूत्र लिखिये। 2

(स) पेन्टेन के कितनें समावयवी यौगिक बनते है ? इनके संरचना सूत्र लिखिये। 2



www.rajteachers.com

प्रश्न 8. (अ) बेंजीन का अणु सूत्र लिखिये। 1

(ब) बेंजीन अणु का संरचना सूत्र लिखो। इसमें कितने त्रिबंध उपस्थित होते है ? 2

(स) साईक्लोहेक्सेन अणु का संरचना सूत्र लिखो। इसमें कितने सहसंयोजक बंध उपस्थित होते है 2

प्रश्न 9. (अ) विकृत एल्कोहल क्या है? इन्हे क्यों बनाया जाता है? 2

(ब) मिसेल निर्माण की क्रिया विधि समझाईये। 3

प्रश्न 10.(अ) मेथेन के दहन की रासायनिक समीकरण लिखो। 1

(ब) वनस्पति घी के निर्माण में प्रयुक्त होनें वाली रासायनिक अभिक्रिया का नाम एवं समीकरण भी लिखो? 2

(स) वनस्पति तेल स्वास्थ्यवर्धक क्यों होते हैं ? 2

प्रश्न 11.(अ) विषम परमाणु किसे कहते हैं ? 1

(ब) ऑक्सीजन विषम परमाणु युक्त दो प्रकार्यात्मक समूहों के नाम एवं संरचना सूत्र लिखो ?2

(स) प्रोपेनॉल का संरचना सूत्र लिखो ? 2

प्रश्न 12. (अ) एल्कोहल को अम्ल में ऑक्सीकृत करनें के लिए प्रयुक्त ऑक्सीकारक का नाम लिखो।2

(ब) एथेनॉल के आक्सीकरण की रासायनिक अभिक्रिया लिखिये। 2

(स) सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में होनें वाली निम्न रासायनिक अभिक्रिया मे पदार्थ X का रासायनिक नाम व सूत्र लिखो। 1

$$CH_4 + Cl_2 \longrightarrow X + HCl$$

प्रश्न 13.(अ) ऐथेनॉल से ऐथीन बनानें में प्रयुक्त निर्जलीकारक का नाम लिखिये एवं इसमें होनें वाली रासायनिक अभिक्रिया का समीकरण भी लिखो। 3

(ब) ऐथेनॉल के भौतिक गुण लिखिये। 2

प्रश्न 14.(अ) अपररुप किसे कहते है। 1

(ब) हीरा अधातु होनें पर भी अत्यधिक कठोर क्यों होता है ? 2

(स) ग्रेफाइट विद्युत का सुचालक होता है, कारण लिखिये। 2

प्रश्न 15.(अ) खाना बनाते समय बर्तन का पैंदा काला क्यों हो जाता है ? कारण लिखो। 1

(ब) ग्लेशल ऐसिटिक एसिड से आप क्या समझते हैं ? 2

(स) संतृप्त व असंतृप्त हाइड्रोकार्बन में ज्वाला (दहन) के आधार पर अंतर स्पष्ट करो। 2

प्रश्न 16.(अ) ऐथेनॉल के दो उपयोग लिखो। 1



www.rajteachers.com

(ब)प्रकृति में कोयले व पेट्रोलियम का निर्माण कैसे हुआ ? 2

(स) ऐथेनॉइक अम्ल की कास्टिक सोडा के साथ अभिक्रिया को समीकरण सहित समझाइए। 2

प्रश्न 17.(अ) निम्नलिखित यौगिको के संरचना सूत्र लिखिये। 2

(1) ऐथेनॉइक अम्ल (2) ब्यूटेनॉल (3) हेक्सेनॉल (4) ब्रोमोपेण्टेन

(ब) ग्रेफाइट से हम कागज पर लिख पाते है, क्यों ? 1

(स) ऐथेनॉइक अम्ल की निम्न के साथ अभिक्रिया लिखिये। 2

(1) सोडियम कार्बोनेट (2) सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट



www.rajteachers.com

## अध्याय–5 तत्वों का वर्गीकरण एवं आवर्त सारणी

प्रश्न 1.मेंडलीफ का आवर्त नियम लिखिये।

उत्तर : तत्वों के भौतिक व रासायनिक गुण उनके परमाणु भार के आवर्ती फलन होते हैं।

प्रश्न 2. आधुनिक आवर्त नियम लिखिये

उत्तर : तत्वों के भौतिक व रासायनिक गुण उनके परमाणु क्रंमाक के आवर्ती फलन होते हैं।

प्रश्न 3. शुन्य संयोजकता वाले किसी एक तत्व का नाम लिखिये

उत्तर : हीलियम

प्रश्न 4 एक्टीनाइड श्रैणी के किसी एक तत्व का नाम लिखिये।

उत्तरः युरेनियम,थोरियम,प्लुटोनियम आदि

प्रश्न 5 परमाणुसंख्या या परमाणुक्रंमाक से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर : किसीतत्व के उदासीन परमाणु में प्रोटोन या इलेक्ट्रान की संख्या को परमाणु संख्या या परमाणु परमाण ुक्रंमाक कहतेहैं।

प्रश्न 6 किन्ही दो हेलोजन तत्वो के नाम लिखिये।

उत्तर : ब्रोमीन,क्लोरीन,आयोडीन,फ्लोरीन आदि

प्रश्न 7 ब्रोमीन,क्लोरीन,आयोडीन,फ्लोरीन तत्वों का सामान्य नाम क्या है?

उत्तर : हेलोजन

प्रश्न 8 लिथियम तथा सोडियम में से किसका आकार बड़ा है?

उत्तर : सोडियम का आकार बड़ा है।

प्रश्न 9 मेंडलीफ की आवर्त सारणी की कोई तीन कमियाँ लिखिये।

उत्तर : 1.मेंडेलीफ की आवर्त सारणी में हाइड्रोजन को सही स्थान नही दिया गया है।

2.इस आर्वत सारणी में समस्थानिक को कोई जगह नहीं दीगई है।

3.एक तत्व से दूसरे तत्व में जानें पर परमाणु द्रव्यमान में नियमित वृद्धि नहीं होती है।

प्रश्न 10 अधातु X हमारे भोजन का मुख्य अवयव है और दो आक्साइड Y व Z उत्पन्न करती है। ऑक्साइड Y विषेला है जबकि Z वैश्विक उष्णता के लिये जिम्मेदार है।

(i) X,Y व Z की पहचान कीजिये।



www.rajteachers.com

उत्तर–X - C, Y- CO, Z-$CO_2$

(ii) आवर्त सारणी के किस समूह से तत्व X सम्बन्धित है?

उत्तर : आवर्त सारणी के 14 वें समूह से सम्बन्धित है।

प्रश्न 11 तत्व X का इलेक्ट्रानिक विन्यास है 1+1+1

| K | L | M | N |
|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 8 | 2 |

(a) आवर्त सारणी में X का समूह कौनसा है

उत्तर : द्वितीय

(b) आर्वत सारणी में X का आर्वत कौनसा हैं

उत्तर : तीसरा

(c) X धातु है या अधातु

उत्तर : धातु

प्रश्न 12 नीचे दिये गये युग्मों में से प्रत्येक युग्म के परमाणु आकार में बड़े तत्व का नाम लिखिये।

(i) Na,K (ii) Cl,Br (iii) S,Cl

उत्तर : K , Br , S

प्रश्न 13 किसी कोश में अधिकतम इलेक्ट्रॉन ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।

उत्तर : $2n^2$

प्रश्न 14 न्युलैण्ड के अनुसार प्रकृति में कुल तत्वों की संख्या कितनी थी?

उत्तर : 56

प्रश्न 15 किसी एक उपधातु का नाम लिखिए?

उत्तर : बोरान,सिलिकन,जर्मेनियम आदि।

प्रश्न 16 क्लोरीन के समस्थानिकों की द्रव्यमान संख्या लिखिये।

उत्तर : 35 व 37

प्रश्न 17 आधुनिक आवर्त सारणी में वर्ग व आवर्त की संख्या बताईये।

उत्तर : 7 आवर्त व 18 वर्ग

प्रश्न 18 संक्रमण तत्व किसे कहते हैं?

उत्तर : d वर्ग के तत्वों को संक्रमण तत्व कहते हैं।



www.rajteachers.com

प्रश्न 19 उन दो तत्वों के नाम लिखिये जिनकी खोज मेंडलीफ की आवर्त सारणी बनने के बाद हुई?

उत्तर : स्कैंडियम,गैलियम

प्रश्न 20 डॉबेराइनर का त्रिक नियम लिखिये।

